अहिंसा मार्च निकाला

गंगापुर सिटी । शहर सहित आसपास के क्षेत्र में गुरुवार को शहीद दिवस मनाया गया। इस मौके पर जगह-जगह कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्कूलों में शहीद दिवस पर विद्यार्थियों ने अहिंसा मार्च निकाला। वहीं, शहीदों को श्रद्धांजलि देकर वक्ताओं ने शहीदों के आदर्श को जीवन में आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल गंगापुर सिटी में ब्लॉक स्तरीय शहीद दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि गंगापुर सिटी एडीएम नवरत्न कोली, विशिष्ठ अतिथि पुलिस उपाधीक्षक विजय सांखला, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी देवीलाल मीना, तहसीलदार अजय कुमार मीणा, विकास अधिकारी आमिर अली, कालूराम वैध एवं सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी देवीलाल मीना ने सभी का स्वागत किया और भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव के जीवन पर प्रकाश डाला। एडीएम नवरत्न कोली ने शहीदों के त्याग, बलिदान का अनुकरण करने का संदेश दिया। सर्वधर्म सभा में भजन गायन किया गया और अहिंसा मार्च निकला गया।

भरतपुर में भगत सिंह की पुण्यतिथि पर अहिंसा मार्च निकाला

भरतपुर (निस)। शहीद भगत सिंह, राजगुरू एवं सुखदेव के शहीदी दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय पर गुरूवार को किला स्थित शहीद स्मारक से गांधी पार्क तक अहिंसा मार्च का आयोजन किया गया। इस अहिंसा मार्च में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं, शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बडी संख्या में भाग लिया। यह अहिंसा मार्च नेहरू पार्क स्थित शहीद स्मारक से रवाना होकर केतन गेट, फुलवारी, गोवर्धन गेट होते हुए गांधी पार्क पहुॅची।

यहां पर अहिंसा मार्च के प्रभारी महात्मा गांधी अंग्रेजी विद्यालय के उपनिदेशक प्रेमसिंह कुंतल ने संबोधित करते हुए कहा कि शहीदों की कुर्बानी से हमें आजादी मिली है इस आजादी को कायम रखना हम सभी की जिम्मेदारी है।

उन्होंने कहा कि शहीदों की जीवन चरित्र से प्रेरणा लेकर हमें उनके साहस, धैर्य, अनुशासन को जीवन में आत्मसात करना होगा। उन्होंने कहा कि अनुशासन हमारे

भगत सिंह की पुण्यतिथि पर प्रेम सिंह कुन्तल (दाएं से छठवें) के नेतृत्व में अहिंसा मार्च निकाला।

जीवन का अभिन्न अंग है जिसे हमें दैनिक दिनचर्या में उपयोग करना होगा। उन्होंने छात्र-छात्राओं से कहा कि लगन एवं कडी मेहनत से शिक्षा ग्रहण कर अपने उद्देश्य में सफलता प्राप्त करें।

इस अवसर पर मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी साहब सिंह, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ गजेन्द्र सिंह चाहर, खेल प्रशिक्षक अभिषेक पंवार सहित बडी संख्या में शारीरिक शिक्षक उपस्थित रहे।

महर्षि गौतम जयंती का आयोजन

करौली (नि.स.)। श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज करौली द्वारा महर्षि गौतम जयंती समारोह मंदिर श्री हरीबख्तावर शिरोमणि टाउन चौकी के पास में समाज के जिला अध्यक्ष बजरंग लाल शर्मा की अध्यक्षता में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महर्षि गौतम के चित्रपट्ट पर दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना की गई तथा हिंदू नववर्ष पर अध्यक्ष एवं महिला मोर्चा की अध्यक्ष द्वारा सभी को शुभकामनाएं देते हुए गुलाब का फूल भेटकर स्वागत किया गया रामजीलाल गौतम,शिवानी शर्मा, नरेश चंद शर्मा, अशोक कुमार आदि ने महर्षि गौतम तथा समाज सुधार संबंधी विचार प्रकट किए।

कार्यक्रम का संचालन वीरेंद्र कुमार गौतम द्वारा किया । सांस्कृतिक कार्यक्रमो के अंतर्गत महिला गायन,नृत्य,महिला पुरुष, बालक बालिकाओं द्वारा फल, सब्जी, बिंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया तथा विजेताओं को पुरस्कार वितरण किए गए । इसी प्रकार प्रतिभा सम्मान अंतर्गत सुश्री शिवानी शर्मा को सैकेंडरी परीक्षा में 92.33प्रतिशत अंक लाने पर सम्मानित किया। समाज की महिला जिला अध्यक्ष अलका शर्मा का कार्यक्रम में महत्वपूर्ण योगदान रहा ।

सार-समाचार

जोशी के प्रदेशाध्यक्ष बनने पर खुशी

सूरौठ । चित्तौगढ़ सांसद सीपी जोशी के भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बनने पर करौली भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष भोलेशंकर शर्मा ने कस्बे में मिठाई बांटकर जाहिर कि खुशी जिस पर पूर्व जिलाध्यक्ष शर्मा ने केंद्रीय नेतृत्व का आभार जताया । इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि सीपी जोशी जी के नेतृत्व में राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी आने वाले 2023 के चुनावों में निश्चित तौर से भारतीय जनता पार्टी की सरकार राजस्थान में बनेगी इस मौके पर सूरौठ बाजार में युवा मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष भोले शंकर शर्मा के नेतृत्व में मिठाइयां बांटकर खुशी का इजहार किया गया भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद के जयकारों से सूरौठ कस्बा गूंज उठा इस मौके पर अनेकों भाजपा कार्यकर्ता रहे उपस्थित ।

समीक्षा बैठक आज

करौली (नि.स.) । अतिरिक्त जिला कलेक्टर मुरलीधर प्रतिहार ने बताया कि संभागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा की अध्यक्षता मे आज शुक्रवार को प्रात: 11:00 बजे विकास कार्यो व फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा बैठक,दोपहर 1:30 बजे जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं इसके बाद कार्यालय उपखंड अधिकारी मंडरायल का निरीक्षण किया जायेगा।

मुख्यमंत्री ने दी राजेन्द्र गर्ग को श्रद्धांजलि

भरतपुर (निस)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने गुरूवार को भरतपुर में तकनीकी शिक्षा राज्यमंत्री डॉ. सुभाष गर्ग के निवास पर पहुंचकर उनके भाई राजेन्द्र गर्ग के देहांत पर शोक प्रकट किया। इस दौरान उन्होंने राजेन्द्र गर्ग की पार्थिव देह पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी एवं परिजनों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया। इस दौरान पर्यटन मंत्री विश्वेन्द्र सिंह, सार्वजनिक निर्माण मंत्री भजनलाल जाटव, पंचायतीराज मंत्री रमेश मीणा, कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता राज्यमंत्री अशोक चांदना, देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष जोगिन्दर सिंह अवाना, पूर्व सांसद पं. रामकिशन सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे।

रैहना वाली माता की पूजा की

धौलपुर। धौलपुर जिला कलेक्टर अनिल कुमार अठावाल गुरुवार को परिवार सहित प्रसिद्ध मां रेहना वाली के भवन में पहुंचे, जहां उन्होंने परिवार सहित पूजा अर्चना की और धौलपुर जिले में सुख, शांति, समृद्धि की कामना की।

मेला मजिस्ट्रेट व तहसीलदार चरण सिंह ने बताया कि जिला कलेक्टर परिवार सहित माता के भवन में पहुंचे, जहां उन्होंने विधि विधान से पूजा अर्चना की। जिला कलेक्टर और उनके परिवार को मंदिर पुजारी मेघराज शर्मा उर्फ गुड्डू पुजारी ने पूजा करवाई। मेला मजिस्ट्रेट चरण सिंह ने बताया कि जिला कलेक्टर के आदेश पर रेहना वाली माता मंदिर पर इंदिरा रसोई शुरू की गई है। जिसमें 8 रुपए में कोई भी व्यक्ति शुद्ध एवं पौष्टिक भोजन कर सकता है। इसके अलावा पद यात्रियों के लिए भंडारे का भी आयोजन करवाया गया है। उन्होंने बताया कि पदयात्री एवं अन्य भक्तों के ठहरने के लिए धर्मशालाओं की साफ-सफाई भी करवा दी गई है। जिला कलेक्टर के साथ राजाखेडा एसडीएम देवी सिंह, मेला मजिस्ट्रेट चरण सिंह सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी और मंदिर के पुजारी मौजूद रहे।

शोभायात्रा में गूंजे झूलेलाल के जयकार

गंगापुर सिटी । सिंधी समाज की ओर से चेटीचंड महोत्सव के तहत गुरुवार को भगवान झूलेलालजी का मेला आयोजित किया गया। इस मौके पर समाज की ओर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान भगवान झूलेलाल के जयकारे गूंजते रहे। शोभायात्रा में शामिल सजीव झांकिया आकर्षण का केन्द्र रही। मार्ग में अनेक स्थानों पर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। इससे पहले सुबह झण्डारोहण कर मेले का शुभारंभ किया गया।

दोपहर को आयोजित भण्डारे में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। इसके बाद सत्संग आयोजित हुआ। शाम को सिंधी कॉलोनी स्थित झूलेलाल मंदिर से शोभायात्रा प्रारंभ हुई। शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। शोभायात्रा में बडी संख्या में समाज के नागरिक शामिल हुए। इस दौरान बैण्ड बाजो व ढोल की धुन पर सिंधी समाज की युवक, युवतियां व महिलाएं डांडिया खेलते हुए चल रहे थे। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर नवरत्न कोली, एडवोकेट राजेन्द्र प्रसाद पीपी, प्रदेश कांगे स कमेटी सदस्य मुकेश शर्मा देहात, समाजसेवी एवं गहलोत ट्रेक्टर्स निदेशक सी. एल. सैनी, सीताराम गुप्ता एडवोकेट, पार्षद कृष्ण कुमार गोयल आदि यात्रा में शामिल हुए। झूलेलाल मंडल अध्यक्ष ललित चंदानी ने बताया कि 24 मार्च को शाम 4 बजे लाल मंदिर मैरिज होम में आयोजित समारोह में समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा।

बसयात्रा 27 को : मां गुमानो बीजासणी सेवा समिति के तत्वाधान में गंगापुर सिटी से करणपुर धाम के लिए बस यात्रा 27 मार्च सोमवार को दोपहर 2 बजे उदेई मोड स्थित थोक फल सब्जी मण्डी से रवाना होगी। समिति के कार्यवाह महामंत्री वीपी शर्मा ने माता रानी के सभी भक्तो से अधिकाधिक संख्या में चलने का आह्वाहन करते हुए कहा कि नवरात्री में माता के दर्शनो का विशेष महत्व रहता है। उन्होने सभी यात्रियो से समय पर अपनी सीट की बुकिंग करवाने की अपील की है। उन्होने बताया कि नवरात्र के अवसर पर मां गुमानो भवन में विशाल जागरण का आयोजन किया जायेगा।

शहीद दिवस मनाया

हिण्डौन सिटी । राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जगर में शहीद दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया ।इस अवसर पर भगत सिंह राजगुरु और सुखदेव के बलिदान के अवसर पर अहिंसा रैली एवं सर्व धर्म सभा का आयोजन किया गया, आयोजन के दौरान राधा मोहन शर्मा सत्येंद्र डागुर,रिंकू डागुर ,लक्ष्मण शर्मा ने अपने विचार व्यक्त किए।

पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी विकास गुप्ता द्वारा इस अवसर पर इन शहीदों से देश के प्रति एवं संविधान के प्रति अपनी निष्ठा बनाए रखने का आवाहन किया ,कार्यक्रम की व्यवथा ठााम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि संतराम गुर्जर ने द्वारा आयोजन व्यवस्था की,कार्यक्रम के दौरान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जगर का समस्त स्टाफ ,ठााम पंचायत जगर के विभिन्न विद्यालयों की शिक्षक उपस्थित रहें,कार्यक्रम का संचालन राधामोहन शर्मा ने किया।रैली की व्यवस्था रमेश प्रजापति,योगेंद्र सिंह,सतीश डागुर,भरत लाल,देवेंद्र महावर द्वारा की गई ।

जोशी को प्रदेश अध्यक्ष बनाने पर जश्न मनाया

करौली कलेक्ट्रेट सर्किल पर भाजपा नेताओं ने सीपी जोशी को प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने पर आतिशबाजी की।

करौली (नि.स.) । करौली के भाजपा नेताओं ने पुरानी कलेक्ट्रेट सर्किल पर एकत्रित होकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी को नियुक्त करने पर खुशी मनाते हुए आतिशबाजी कर मिठाइयां वितरित की।

भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर करौली के भाजपाइयों ने हर्ष जताते हुए आतिशबाजी कर मिठाइयॉ वितरित की इस अवसर पर भाजपा नेता अशोक पाठक,उत्तम सिंह जादौन,धीरेंद्र बैंसला,करौली शहर मंडल अध्यक्ष योगेश शर्मा,उपाध्यक्ष तेजेंद्र सिंह, नंद कुमार चतुर्वेदी, जसवंत मॉच, डा. सीके शर्मा, सुमित भट्ट, अजय पाल, के के सारस्वत, मान प्रकाश शुक्ला, केके मित्तल, नवल सिंह जादौन, योगेश शर्मा, कान्हा शर्मा, हिमांशु सोनी, विकास सिंह जादौन, शिवाजी, मुकेश अर्रोदा, कुलदीप पाठक, टोनु राजोरिया, अशोक वर्मा, लाखन सिंह, सुरेश शुक्ला, चंद्रशेखर, मदनमोहन अतेवा, गणेश मामचारी, कृष्णा गुलपारिया, कपिल मित्तल, देशराज, कपिल शर्मा सहित कई अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट सर्किल पर एकत्रित होकर आतिशबाजी कर मिठाइयॉ वितरित करते हुए प्रदेश नेतृत्व का आभार जताया।

अतिक्रमण हटाने को लेकर पत्र भेजा

वैर । कार्यालय मंत्री राजस्व विभाग के विशिष्ट सहायक ने जिला कलेक्टर भरतपुर एवं उपखंड अधिकारी को पत्र भेजकर लीज नंबर 3 / 93 भोंडा गांव रायपुर जगजीवन पुर के मध्य स्थित चारागाह भूमि एवं आम रास्ते पर हो रहे अतिक्रमण के संबंध में परीक्षण उपरांत नियमनुसार शीघ्र समुचित कार्रवाई कर तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी है ताकि अवलोकन के लिए मंत्री के समक्ष मामला प्रस्तुत किया जा सके, विशिष्ट सहायक कैलाश चंद्र यादव द्वारा भेजे गए पत्र में लिखा है कि दिनांक 14 जून 2022 एवं 13 दिसंबर 2022 को भी इस संदर्भ में पत्र भेजे गए हैं,

ब्लॉक युवक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राजू गुर्जर रायपुर ने बताया कि राज्य के मुख्यमंत्री, राजस्वमंत्री, मुख्य सचिव, प्रमुख शासन सचिव, राजस्व व संभागीय आयुक्त भरतपुर को ज्ञापन प्रस्तुत कर लीज नम्बर 3/93 भौडागाँव, रायपुर व जगजीवनपुर के मध्य स्थित चारागाह भूमि सहित विशेषकर रास्ते पर किये गये अतिक्रमण पर बेरियर लगाकर अतर सिंह भड़ाना, कमलेश भड़ाना व अर्जुन भड़ाना के खिलाफ दर्ज करवा कर विधि सम्मत क़ानूनी कार्यवाही करवाने की मांग की है।

शहीदों को नमन किया

भरतपुर (निस)। पतंजलि किसान सभा समिति राजस्थान के सह राज्य प्रभारी वीरी सिंह कुंतल के मुख्य आतिथ्य एवं युवा भारत के आयोजक केशव सिंह के नेतृत्व में शहीद दिवस पर नेहरू पार्क में शहीद स्थल पर भारत स्वाभिमान, पतंजलि महिला योग समिति, पतंजलि योग समिति, पतंजलि किसान सेवा समिति, युवा भारत के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं के द्वारा भारत के सच्चे सपूत शहीद भगत सिंह देशभक्त, राजगुरू, सुखदेव के बलिदान दिवस पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कुंतल ने बताया कि शहीद भगत सिंह, शिव राम राजगुरू, सुखदेव की फांसी ब्रिटिश सरकार द्वारा 24 मार्च 1931 नियत की गई थी। लेकिन क्रान्तिकारियों के डर के कारण 23 मार्च 1931 को भगत सिंह, राजगुरू, सुखदेव को फांसी दी गई।

भगत सिंह, राजगुरू और सुखदेव को 23 मार्च 1931 को सतलज नदी के किनारे उनका दाह संस्कार किया गया। इन शहीद हुए वीर क्रान्तिकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। युवाओं को इनसे प्रेरणा लेने के लिए आव्हान किया गया। संगोष्टी सभा को वीरीसिंह कुंतल, राजेश चौधरी, गंगो सिंह, केशव सिंह, ओमवीर सिंह, केप्टेन लेखराज सिंह, हीरा सिंह, ओमप्रकाश सोगरवाल, प्रेम सिंह आर्य, जल सिंह फौजदार, उत्तम सिंह ने सम्बोधित किया। कार्यक्रम में भूप सिंह, प्रकाशचंद शर्मा, संतोष कुमार अग्रवाल, सतीश पाराशर, सत्यदेव आर्य, सुनील चौधरी, छिद्दा सिंह, विवेक शर्मा, चन्द्रपाल सिंह, मयंक शर्मा, रविकांत शर्मा आदि उपस्थित थे।

किसान सभा का धरना शुरू

भरतपुर (निस)। हाल ही में हुई बैमौसम बारिस एवं ओलावृष्टि से जिले भर में हुए फसल खराबे की मांग को लेकर किसान सभा द्वारा 10 मार्च व 20 मार्च को मुख्यमंत्री के नाम जरिये कलक्टर भरतपुर को खराबे का तुरन्त सर्वे कराकर समुचित मुआवजे की मांग करते हुए संगठन का प्रतिनिधि मण्डल प्रशासन से मिला। लेकिन कोई संतोषजनक जबाव नहीं मिलने के कारण संगठन द्वारा कलैक्ट्रेट पर धरना शुरू किया गया है जो लगातार चलाया जावेगा। धरने का नेतृत्व किसान सभा के जिला अध्यक्ष गिर्राज सिंह जघीना, रम्मो सिंह हवलदार उपाध्यक्ष, हरी सिंह पटेल घसौला उपाध्यक्ष, अशोक कुमार जघीना कोषाध्यक्ष, सुन्दर सिंह बांसी आदि ने किया। धरने को सम्बोधित करते हुए महामंत्री का. नत्थीलाल शर्मा ने बताया कि पिछली बार कातिक की फसल खराबे का भी मुआवजा अभी तक नहीं दिया गया है और अब भी प्रशासन इस मुद्दे पर टालमटोल कर रहा है। इस वजह से अब संगठन को धरना शुरू करना पडा है और यदि इससे भी समाधान नहीं हुआ तो आन्दोलन को तेज किया जावेगा जिसकी सारी जबावदेही सरकार की होगी।

कैनाल से मृत गोवंश निकाला

कामां (निस)। कामां क्षेत्र के कलावटा गांव स्थित गुडगांवा कैनाल में जब जब पानी आता है तब तब मृत गोवंश पानी के साथ तैरते हुए दिखाई देते हैं। गुरुवार को कामां नगर पालिका एवं सिंचाई विभाग की सहायता से करीब 15 मृत गोवंश को निकालकर विधिवत तरीके से दफनाया गया।

गो सेवक निरंजन शर्मा एवं रामवीर गुर्जर भूडाका ने बताया कि बुधवार को ग्रामीणों से जानकारी मिली कि नहर में मृत गोवंश तैरते हुए दिखाई दे रहे हैं। जिसके बाद गौ सेवकों की टीम नहर पर पहुंची अलग-अलग जगह जगह गोवंश मृत अवस्था में तैरते हुए दिखाई दिए तथा कुछ गोवंश पुलिया के पास फंसे हुए थे। जिसके बाद गुरुवार को सिंचाई विभाग की कनिष्ठ अभियंता सीमा चौधरी ने मौके पर जेसीबी मशीन को बुलाकर करीब 15 मृत गोवंश को एक-एक करके नहर से बाहर निकलवाया तथा कुछ गोवंश फंसे हुए थे जिन्हें का मन नगरपालिका के सफाई कर्मचारियों की सहायता से निकलवाया गया।

सामाजिक चिंतन सेमिनार आयोजित

भरतपुर (निस)। संभाग पर प्रदेष इकाई एवं जिला इकाई भरतपुर, सामातिजक चेतना एवं विकास संस्थान तथा संयुक्त दलित सामाजिक संगठन, भरतपुर के संयुक्त तत्वावधान में 'सामाजिक विकास एवं न्याय के साथ सामाजिक चिंतन सेमीनार का आयोजन कबीर वाटिका मैरिज होम में किया गया। सेमीनार के मुख्य अतिथि पी.सी. बैरवाल पूर्व संभागीय आयुक्त भरतपुर रहे और अध्यक्षता सामाजिक चेतना एवं विकास संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश रमन ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में टेकचंद राहुल पूर्व जज, नत्थी सिंह पूर्व एएसपी, घनश्याम बृजवासी, रामेश्वर सेवार्थी, अतर सिंह मेवला पूर्व एडीएम, संतोश जयपाल प्रदेष अध्यक्ष मेघवाल समाज तथा पी.डी. जाटव प्रदेष महासचिव सामाजिक चेतना एवं विकास संस्थान रहे।

जिला महासचिव बलराम मादोरिया ने बताया कि सेमीनार में दलित समाज के उपस्थित संगठन प्रतिनिधियों ने दलित समाज के साथ होने वाले सामाजिक अन्याय व अत्याचार को दूर करने के लिए पूरे भरतपुर के सामाजिक संगठनों को एक जुट होकर कार्य करने का आव्हान किया तथा भरतपुर जिले के सभी दलित संगठनों को मिलकर परिसंघ के गठन का प्रस्ताव किया। वक्ताओं ने दलित समाज के विकास में बरती गई उदासीनता पर गहरा दुख व्यक्त किया। वक्ताओं में मुख्य रूप से मुख्य अतिथि पी.सी. बेरवाल तथा अन्य अतिथि के अलावा राजाराम बौद्ध, पी.डी. जाटव तथा कार्यक्रम में संगठनों के प्रतिनिधियों ने अपना भाशण दिया।

बलिदान दिवस मनाया

भरतपुर (निस)। भगत सिंह मॉडर्न माध्यमिक विद्यालय राजेंद्र नगर में बलिदान दिवस मनाया गया। जिसमे शहीद ए आजम भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव की मूर्तियों पर विद्यालय के डायरेक्टर डॉ. जल सिंह फौजदार द्वारा दीप प्रज्वलित ब माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया एवं शहीदों से देशभक्ति की शिक्षा लेने हेतु छात्र छात्राओं को प्रेरित किया।

हादसे में 3 घायल

धौलपुर। धौलपुर शहर में कोतवाली थाना क्षेत्र के मोरौली मोड पर गुरुवार सुबह बाइक को बचाने के चक्कर में एक टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे टेंपो में सवार 2 महिला सहित 3 लोग घायल हो गए। जिन्हें स्थानीय लोगों ने जिला अस्पताल धौलपुर में भर्ती कराया।

राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)
NHIDCL अवसंरचना निर्माण– राष्ट्र निर्माण
आज़ादी का अमृत महोत्सव | G20

कॉरपोरेट कार्यालय: तृतीय तल, पीटीआई बिल्डिंग, 4 – संसद मार्ग, नई दिल्ली–110001

फा.सं. एनएचआईडीसीएल/2(15)/रिक्रूट टेक पोस्ट/2023/एचआर दिनाँक: 20.03.2023

राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड की स्थापना भारत सरकार द्वारा सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के अधीन एक निगम के रूप में उत्तर–पूर्वी क्षेत्र और पड़ोसी देशों के साथ अंतरराष्ट्रीय सीमाओं से लगे क्षेत्रों में राष्ट्रीय राजमार्गों का तेजी से निर्माण/उन्नयन/चौड़ीकरण करने के लिए की गई है ।

एनएचआईडीसीएल में निम्नलिखित पदों हेतु प्रतिनियुक्ति पर स्थानांतरण आधार पर ऐसे ऊर्जावान, प्रभावकारी और अनुभवी पात्र अधिकारियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं जो केन्द्र/राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के सरकारी मंत्रालयों/विभागों, भारतीय थल सेना/नौसेना/वायुसेना, सीमा सड़क संगठन (जीआरईएफ) केन्द्र/राज्य के स्वायत्त निकायों, केन्द्र/राज्य के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों आदि में कार्य कर रहे हों :–

क्र. सं.	पदों का नाम	रिक्तियों की संख्या*	सी डी ए पैटर्न में वेतन मैट्रिक्स लेवल
1.	महाप्रबंधक (तकनीकी/परियोजना)	05	वेतन मैट्रिक्स लेवल–13 (1,23,100–2,15,900 रुपये)
2.	उप–महाप्रबंधक (तकनीकी/परियोजना)	10	वेतन मैट्रिक्स लेवल–12 (78,800–2,09,200 रुपये)
3.	प्रबंधक (तकनीकी/परियोजना)	20	वेतन मैट्रिक्स लेवल–11 (97,700–2,08,700 रुपये)
4.	उप–प्रबंधक (तकनीकी/परियोजना)	20	वेतन मैट्रिक्स लेवल–10 (56,100–1,77,500 रुपये)

*आवश्यकतानुसार, पदों की रिक्तियों की संख्या में परिवर्तन हो सकता है। इसके अतिरिक्त, एनएचआईडीसीएल के पास यहां दर्शायी गयी तथा भविष्य में संभावित रिक्तियों के लिए चयनित अभ्यार्थियों का एक पैनल तैयार करने का अधिकार सुरक्षित है।

आवेदन–पत्र जमा करने की अंतिम तिथि : रोजगार–समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से 04 (चार) सप्ताह। रोजगार–समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख एनएचआईडीसीएल की वेबसाइट www.nhidcl.com पर प्रदर्शित की जाएगी।

पात्रता मानदंडों तथा विस्तृत निबंधन एवं शर्तों के लिए कृपया एनएचआईडीसीएल की वेबसाइट www.nhidcl.com को देखिए ।

आवेदन–पत्र, केवल ऑन–लाइन तरीके से जमा किये जाएंगे, जिसके लिए एनएचआईडीसीएल की वेबसाइट www.nhidcl.com पर लिंक दिया गया है। किसी भी परिस्थिति में, व्यक्तिगत रूप से या डाक द्वारा या ई–मेल के माध्यम से भेजे गए किसी भी आवेदन–पत्र को स्वीकार नहीं किया जाएगा ।

नोट 1: अभ्यार्थियों की पात्रता (अर्थात् आयु, सेवा–अवधि, आदि) के निर्णय हेतु प्रभावी तिथि 01.01.2023 होगी।

नोट 2: प्रतिनियुक्ति पर स्थानांतरण आधार पर आवेदन–पत्र जमा करने वाले अभ्यर्थी के लिए उचित माध्यम से भी अपना आवेदन–पत्र जमा करना आवश्यक होगा। पद के लिए संक्षिप्त सूचीबद्ध (शार्ट लिस्टेड) किये जाने के पश्चात् भी अभ्यर्थी को साक्षात्कार में शामिल होने की अनुमति तभी दी जाएगी जब उचित माध्यम से प्राप्त आवेदन के साथ उसके मूल संगठन से भेजी गयी गत पांच वर्षों की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट (एसीआर)/वार्षिक कार्य–निष्पादन मूल्यांकन रिपोर्ट (एपीएआर) की प्रतियां, अनापत्ति प्रमाण–पत्र (एनओसी) और सतर्कता निर्बाधन प्रमाण–पत्र (वीसी) संलग्न होगा ।

नोट 3: सेवानिवृत्त अधिकारी जिन्होंने सरकारी नौकरी की हो और विहित पात्रता मानदंडों को पूरा करते हों, वे भी संविदा आधार पर इस पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं, बशर्ते उन्होंने आवेदन प्रस्तुत करने की निर्णायक तिथि को 62 वर्ष की आयु पूरी न की हो ।

नोट 4: इस रिक्त–पद संबंधी परिपत्र में कोई भी परिवर्तन अथवा संशोधन केवल एनएचआईडीसीएल की वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा ।

नोट 5: अपूर्ण अथवा निर्धारित तारीख के बाद प्राप्त किए गए आवेदन–पत्रों को तुरंत अस्वीकार कर दिया जाएगा ।

CBC 37112/12/0010/2223

उप–महाप्रबंधक (मानव संसाधन)

अवसंरचना निर्माण, राष्ट्र निर्माण

नूतन वर्ष पर गोष्ठी ने रंग जमाया

गंगापुर सिटी । अखिल भारतीय साहित्य परिषद, गंगापुर सिटी इकाई ने नहर रोड स्थित रामगोपाल शर्मा (रि.एस डी आई) के आवास पर भारतीय नववर्ष के शुभ आगमन पर काव्य गोष्ठी का आयोजन रखा गया। गोष्ठी की अध्यक्षता अधिवक्ता शिवकुमार शर्मा ने की व मुख्य अतिथि सतीश गुप्ता एईएन रहे। सर्व प्रथम कवि व्यग्र पाण्डे ने सरस्वती वंदना व नववर्ष अभिनन्दन गीत से गोष्ठी को आरंभ करते हुए कहा नूतन वर्ष तेरा अभिनंदन, अगवानी में खडी दिशाएं पलक पांवडे बिछा प्रीति के जिसे सभी श्रोताओं की करतल ध्वनि खूब मिली।

डॉ.गोपीनाथ चर्चित ने इस अवसर पर बेटियों के सम्मान में रचना पढी जितना हक घर में बेटों को, उतना हक बेटी को दो, जो प्यार उमडता बेटों पर, वो लाड-प्यार बेटी को दो जिसका सभी ने तालियो की गडगडाहट के साथ स्वागत किया। बनवारी श्याम गोतम ने वर्तमान इंसान के व्यवहारिक जीवन पर एक व्यंग्य रचना पढते हुए बताया कि संस्कृति भारत की अभी जिन्दा है , जिसे देख भारत माता शर्मिंदा है, रमा मीणा ने गोष्ठी को भक्ति रस में डुबोते हुए एक भजन प्रस्तुत किया।

श्रीमद् भागवत कथा के 90 यजमानों का सम्मान

गंगापुर सिटी में भामाशाह सभापति शिवरत्न अग्रवाल का सम्मान करते महाराज श्री एवं समिति अध्यक्ष सीएल सैनी।

गंगापुर सिटी । श्री राम कथा सेवा समिति के तत्वावधान में हुई श्रीमद् भागवत कथा में उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय सेवाओं के लिए 100०० से भी अधिक सदस्यों को सम्मानित किया गया। नामदेव फिनवेस्ट प्राइवेट लिमिटेड की ओर से यह सम्मान दिया गया। श्री राम कथा सेवा समिति के सेवाभावी सदस्यों को प्रख्यात कथावाचक संत डॉक्टर संतोष दास महाराज, संयोजक एवं सैनी माली समाज के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सीएल सैनी, उन्नति ग्रुप की संरक्षक कांता देवी सैनी ने संयुक्त रूप से सम्मानित किया। कार्यक्रम में नगर परिषद के सभापति शिवरतन अग्रवाल, पूर्व सभापति संगीता बोहरा, मुख्य यजमान धरमवीर सिंघल, आदि सहित भागवत कथा के सभी यजमान एवं स्वयंसेवकों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रख्यात श्रीमद् भागवत कथाकार डॉ.संतोष दास महाराज ने कहा है कि आध्यात्मिक चेतना की ओर अग्रसर मानव समाज निश्चित रूप से वंदनीय है। पीडित मानवता की सेवा ही सच्ची ईश्वर सेवा है। धर्म और संस्कृति के उत्थान के लिए जुटे भामाशाह और समाजसेवी समाज के गौरव हैं।

सर्वसमाज की हुई बैठक

भरतपुर (निस)। बयाना में सर्वसमाज की संयुक्त बैठक गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के अध्यक्ष विजय बैंसला की अध्यक्षता में हुई। जिसमें आगामी 31 मार्च को गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के संयोजक रहे स्व. कर्नल किरोडीसिंह बैंसला की प्रथम पुण्यतिथी पर उनके पैतृक गांव मूडिया में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों व उनकी प्रतिमा के अनावरण तथा इस दिन बयाना में भी होने वाली श्रद्धांजली सभा व रक्तदान आदि कार्यक्रमों की तैयारीयों पर चर्चा की गई। बैठक में बयाना को जिला बनाए जाने व किसानों के हित में ईआरसीपी योजना को केन्द्र सरकार की मंजूरी तथा पांचना बांध से गंभीर नदी में पानी छोडे जाने एवं बयाना में कृषि विश्वविधालय की स्थापना कराए जाने सहित अन्य मुद्दों पर भी चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए विजय बैंसला ने सभी लोगों से क्षेत्र के विकास व समस्याओं के समाधान के लिए अपनी एकजुटता को मजबूत बनाने का आव्हान किया। और कहा कि हम सबको मिलकर पूर्वी राजस्थान के विकास के लिए संघर्ष करने की आवश्यकता है। बैठक में गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिती के नेता भूराभगत सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।